# ORDER SHEET

THE COURT (अरुण कुमार सिंह)
जिला न्यायाधीश (उन्नीसवें)
जबलपुर (म.प्र.)

Of 20

न्यू इंडिया इं. कं. वि देवेन्द्र बैगा।

| Date of order or proceeding | Order or proceeding with Signature of Presiding Officer | Signature of Parties or Pleaders where necessary |
|---|---|---|
| 11-11-24 | फाईलिंग सेंटर से आवेदन प्राप्त।<br>आवेदक द्वारा श्री श्रीमती मंजू सिंह अधिवक्ता।<br>आवेदन का अवलोकन किया गया। आवेदन एम.जे.सी. प्रकरण में पंजीबद्ध किया जावे।<br>मूल रिकॉर्ड अभी न्यायालय में ही है। अतः प्रकरण तर्क हेतु नियत किया जाता है।<br>आवेदन पर आवेदक अधिवक्ता के तर्क श्रवण किये गये।<br>इस आदेश द्वारा आवेदक की ओर से पेश उक्त आवेदन का निराकरण किया जा रहा है।<br>आवेदन संक्षेप में इस प्रकार है प्रकरण क्रमांक एमएसीसी/2442/2022 देवेन्द बैगा वि. राजा चौधरी तथा एमएसीसी प्रकरण क्रमांक 2443/2022 देवेन्द्र वि राजा में आदेश दिनांक 23.10.2024 में टंकण त्रुटिवश अनावेदक क्र. 2 की अधिवक्ता श्रीमती मंजू सिंह के स्थान पर अधिवक्ता श्रीमती हेमलता ठाकुर का नाम दर्ज हो गया है। जिसे ठीक किये जाने का निवेदन किया।<br>आवेदन पर सुना गया। प्रकरण का अवलोकन किया गया। जिससे दर्शित होता है कि प्रकरण में मंजू सिंह के साथ उनकी कनिष्ठ अधिवक्ता श्रीमती हेमलता ठाकुर का नाम भी दर्ज हैं और वे कई पेशियों में जब श्रीमती मंजू सिंह नहीं आई तो उनके स्थान पर वे प्रकरण में उपस्थित होती रही हैं। इस | |

| Date of order or proceeding | Order or proceeding with Signature of Presiding Officer | Signature of Parties or Pleaders where necessary |
|---|---|---|
| | कारण अधिनिर्णय में भी उन्ही का नाम दर्ज हुआ है परंतु तर्क के दौरान श्रीमती मंजू सिंह ने व्यक्त किया कि वे वरिष्ठ अधिवक्ता है और बीमा कंपनी में भी उन्ही का नाम दर्ज है और कंपनी से संबंधित समस्त कार्यवाही उन्हीं के नाम से होती है। अतः प्रकरण में उन्हीं का नाम दर्ज किया जावे। इसके अतिरिक्त उन्होंने यह भी व्यक्त किया कि आवेदन पर आवेदक अधिवक्ता को कोई आपत्ति नहीं है। विचारोपरांत उक्त तर्कों को दृष्टिगत रखते हुये आवेदन स्वीकार किया जाता है तथा उक्त अधिनिर्णयों में बीमा कंपनी अनावेदक क. 2 की ओर से श्रीमती हेमलता ठाकुर का नाम विलोपित कर उसके स्थान पर श्रीमती मंजू सिंह का नाम दर्ज किया जाता है।<br>प्रकरण का परिणाम दर्ज का प्रकरण विहित समयावधि पूर्व अभिलेखागार प्रेषित किया जावे।<br><br>अरूण कुमार सिंह<br>जिला न्यायाधीश, उन्नीसवें<br>जबलपुर, म0प्र0 | |

GCPB—139—DCGCPB—12-7-24—5,00,000.